# प्रेस नोट-थाना कोतवाली

## जनपद शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनांक- 31.08.2025

**"थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा राष्ट्रीय स्तर के 02 शातिर चोर को मय 01 अदद स्कूटी एक्टिवा 3 G , 01 अदद लेपटाप,01 अदद लेपटाप चार्जर,एक अदद लिथियम आयन बैट्री हाईब्रिड,05 अदद एड्रांयड मोबाईल फोन, 01 अदद की पैड मोबाईल फोन व 08 अदद अन्य टूल्स के किया गया गिरफ्तार"**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एंव चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पर दिनांक 29.08.2025 को वादी श्री मनु प्रकाश मौर्य प्रथमिक शिक्षक (संगीत) के0वी0नं0 2 OCF शाहजहाँपुर की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 379/25 धारा 303(2) बी.एन.एस बावत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की Activa 3G- गाड़ी नं0- UP65BY9758 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध मे पंजीकृत किया गया। मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी हुई स्कूटी वाहन संख्या UP65BY9758 को अभियुक्तगण 1. अभिषेक गुप्ता उर्फ शेखर गुप्ता पुत्र पूरन लाल गुप्ता निवासी उम्र करीब 37 वर्ष मो0 चांदपुर थाना तिलक नगर दिल्ली स्थायी पता मो0 आजाद नगर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर 2. रोहित पुत्र सुरेश उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मो0 चौखांड़ी थाना तिलक नगर दिल्ली मय 01 अदद स्कूटी एक्टिवा 3 जी वाहन संख्या UP65BY9758, 01 अदद लेपटाप डेल कम्पनी का ग्रे रंग का, 01 अदद लेपटाप चार्जर, एक अदद लिथियम आयन बैट्री हाईब्रिड, व 05 अदद एड्रांयड मोबाईल व 01 अदद की पैड मोबाईल, 08 अदद टूल्स के साथ स्टेट गार्डन व साऊथ सिटी के सामने खाली पड़े ग्राउण्ड के पास जाने वाले रास्ते से समय करीब 02.00 बजे गिरफ्तार किया गया व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में बरामद 01 अदद लेपटाप डेल कम्पनी का ग्रे रंग जो थाना तिलक नगर दिल्ली में पंजीकृत मु0अ0सं0 978/20 धारा 34/411 भादवि से सम्बन्धित है व बरामद एक अदद लिथियम आयन बैट्री हाईब्रिड थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित है। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण</u>** :-

1.अभिषेक गुप्ता उर्फ शेखर गुप्ता पुत्र पूरन लाल गुप्ता उम्र करीब 37 वर्ष निवासी मो0 चांदपुर थाना तिलक नगर दिल्ली स्थायी पता मो0 आजाद नगर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर

2. रोहित पुत्र सुरेश उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मो0 चौखांड़ी थाना तिलक नगर दिल्ली शाहजहाँपुर

**पंजीकृत अभियोग का विवरण:-**

मु0अ0सं0 379/25 धारा 303(2) बी.एन.एस व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी.एन.एस थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

**गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय...........**

दिनांक 31.08.2025 को समय 02.00 बजे स्टेट गार्डन व साऊथ सिटी के सामने खाली पड़े ग्राउण्ड के पास जाने वाले रास्ते से

**अभियुक्त अभिषेक गुप्ता उर्फ शेखर गुप्ता उपरोक्त का आपराधिक इतिहास...........**

1. मु0अ0सं0 626/20 धारा 411 भादवि थाना तिलक नगर दिल्ली
2. मु0अ0सं0 978/20 धारा 34/411 भादवि थाना तिलक नगर दिल्ली
3. मु0अ0सं0 379/25 धारा 303(2) बी.एन.एस व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी.एन.एस थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

**अभियुक्त रोहित उपरोक्त का आपराधिक इतिहास...........**

1. मु0अ0सं0 379/25 धारा 303(2) बी.एन.एस व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी.एन.एस थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

**बरामदगी का विवरण** :-

1.एक अदद स्कूटी एक्टिवा 3 जी  वाहन  संख्या UP65BY9758

2.एक अदद लेपटाप डेल कम्पनी , ग्रे रंग का

3.एक अदद लेपटाप चार्जर

4.एक अदद लिथियम आयन बैट्री हाईब्रिड

5.पाँच अदद एड्रांयड मोबाईल फोन

6.एक अदद की पैड मोबाईल

7.अन्य 08 अदद टूल्स

**पूछताछ अभियुक्तगण............**

मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अभिषेक गुप्ता पुत्र पूरन लाल गुप्ता निवासी उम्र करीब 37 वर्ष मो0 चांदपुर थाना तिलक नगर दिल्ली ने  बताया कि मैं और रोहित दिल्ली के रहने वाले है मेरा स्थाई पता  मो0 आजाद नगर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर है, रोहित मेरे साथ ही रहता व काम करता  है,  और हम दोनों अपनी गाड़ी से बाहर के राज्यों/शहरो में ही आते जाते रहते है और जहां मौका लगता है वहां गाड़ी का, शीशा पेचकश व  अन्य टूल्स की  की मदद से तोड़कर लिथियम आयन बैटरी और अन्य कीमती सामान चुरा लेते है, मैं सन 2022 से इस कार्य मे लिप्त हूं। हम दोनो ने अब तक लगभग 40 लिथियम बैटरी गाड़ियों से शीशा तोड़कर चुराई है जिन्हें मैं ओ.एल.एक्स एप्प पर सेल कर देता हूं, ओ.एल.एक्स पर सेल करने के लिए मैंने लगभग तीन अकाउंट बना रखे हैं हम चुराए हुए पार्ट्स और अन्य आइटम्स का फोटो खींचकर ओ.एल.एक्स पर एडवर्टाइजमेंट के रूप में डाल देते है, ओ.एल.एक्स के माध्यम से जो भी लोग हमसे संपर्क करते हैं हम उनसे डील कर लेते हैं। हमारे द्वारा पहले भी कई बार गाड़ी की लिथियम आयन हाइब्रिड बैटरी को गाड़ियों से चुरा कर ओ.एल.एक्स पर सेल कर चुके है यह पूछने पर कि  यह जो डेल का लेपटाप आप लोगों से प्राप्त हुआ है, वो तुम लोगो ने कहा से चुराया था तो बताया कि  साहब उक्त डेल का लैपटाप हमारे द्वारा दिल्ली के जनकपुरी के पास से गाड़ी का शीशा तोड़कर चुराया गया था। जब भी मैं अपनी माँ से मिलने जलालाबाद शाहजहाँपुर आता हूँ इस तरह की घटनाएं जनपद शाहजहाँपुर के क्षेत्र में लीथियम वाली गाड़ी से लीथियम बैट्री निकालकर ओलोक्स पर बेच देता हूँ । मैं अपनी कार  संख्या DL 7CN 0251  वोक्सवैगन की वैन्ट्रो कार  का प्रयोग चोरी किये गये सामान को लाने व ले जाने में करता हूँ। दूसरे अभियुक्त रोहित पुत्र सुरेश उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मो0  चौखांड़ी थाना तिलक नगर जनपद शाहजहाँपुर थाना तिलक नगर दिल्ली ने मुकदमा उपरोक्त के बारे के बारे में पूछने पर बताया कि मैं और अभिषेक गुप्ता  दिल्ली के रहने वाले है,  मैं,  अभिषेक गुप्ता के साथ  साथ ही रहता व काम करता  हूँ,  और हम दोनों अपनी गाड़ी से बाहर के राज्यों/शहरो में ही आते जाते रहते है और जहां मौका लगता है वहां गाड़ी का शीशा, पेचकश व  अन्य टूल्स की  की मदद से तोड़कर लिथियम आयन बैटरी और अन्य कीमती सामान चुरा लेते है, मैं सन 2022 से इस कार्य मे फस चुका हूं। हम दोनो ने अब तक लगभग 40 लिथियम बैटरी गाड़ियों से शीशा तोड़कर चुराई है जिन्हें मैं ओएलएक्स पर सेल कर देता हूं, ओ.एल.एक्स पर सील करने के लिए मैंने लगभग तीन अकाउंट बना रखे हैं हम चुराए हुए पार्ट्स और अन्य आइटम्स का फोटो खींचकर ओएलएक्स पर एडवर्टाइजमेंट के रूप में डाल देते है, ओ.एल.एक्स के माध्यम से जो भी लोग हमसे संपर्क करते हैं हम उनसे डील कर लेते हैं। हमारे द्वारा पहले भी कई बार गाड़ी की लिथियम आयन हाइब्रिड बैटरी को गाड़यों से चुरा कर ओ.एल.एकस पर सेल कर चुके है यह पूछने पर कि यह जो डेल का लेपटाप आप लोगों से प्राप्त हुआ है, वो तुम लोगो ने कहा से चुराया था तो बताया कि  साहब उक्त डेल का लैपटाप हमारे द्वारा दिल्ली के जनकपुरी के पास से गाड़ी का शीशा तोड़कर चुराया गया था।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1. प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह थाना कोतवाली शाहजहांपुर।
2. उ0नि0 श्री ललित शर्मा थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
3. उ0नि0 श्री विजय कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
4. का0 2651 रवि शंकर थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
5. का0 2214 अर्जुन सिंह थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
6. का0 2330 सुमित चौधरी थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
7. का0 अर्जुन थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
8. का0 2597 पंकज कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।